# नव घोषित ज़िला मनेंद्रगढ़ का नाम अब ‘मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर’

## चर्चा में क्यों?

21 अगस्त, 2021 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोषणा की कि हाल ही में घोषित चार नए ज़िलों में से एक ज़िला मनेंद्रगढ़, अब **‘मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर’** के नाम से जाना जाएगा।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री बघेल ने अपने सरकारी आवास पर **दो नए घोषित ज़िलों- ‘मनेंद्रगढ़’ और ‘शक्ति’** के लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए यह घोषणा की।
- उन्होंने कहा कि नए ज़िलों की घोषणा के पीछे प्रमुख विचार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार और अन्य क्षेत्रों में तेज़ी से काम करना था।
- उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भौगोलिक दृष्टि से देश का नौवाँ सबसे बड़ा राज्य है, जहाँ कई क्षेत्रों में विरल जनसंख्या है। भौगोलिक स्थिति के कारण सरकारी योजनाओं को आम जनता तक ले जाने में सरकार को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नए ज़िलों के बनने से प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम होगी तथा शासन को मज़बूत करने में मदद मिलेगी।
- गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 15 अगस्त, 2021 को छत्तीसगढ़ प्रशासनिक विकेंद्रीकरण के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए राज्य में ज़िलों का पुनर्गठन कर मनेंद्रगढ़ सहित चार नए ज़िलों के गठन की घोषणा की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-newly-declared-district-manendragarh-is-now-named-as-manendragarh-chirmiri-bharatpur